No. of Printed Pages : 5

2007404 **3406 (NS)**

Register Number | | | | | | | |

# Language – Part I – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न–पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

## भाग - I

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।** **14x1=14**

Answer all questions.

निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

Answer the following alternative questions.

1. कबीर की रचना ________ है।
   (क) रमैनी (ख) साखी (ग) सबद

2. सूरदास ________ कवि थे।
   (क) वीर (ख) बहरे (ग) अंधे

3. दिवास्वप्नों में खो जाने वाले कवि ________ थे।
   (क) सुब्रह्मण्य भारती (ख) दिनकर (ग) माखनलाल चतुर्वेदी

4. 'विज्ञापन की कला' पाठ के लेखक हैं :
   (क) प्रेमचंद (ख) रामचंद्र शुक्ल (ग) बाबू गुलाब राय

5. भारत के घुमक्कड़ धर्माचार्य ________ थे।
   (क) गांधी (ख) गौतम बुद्ध (ग) तिलक

6. 'वह चीनी भाई' ________ शब्द चित्र है।
   (क) शाब्दिक (ख) मार्मिक (ग) धार्मिक

[Turn over

7. 'स्वतंत्रता का मूल' पाठ के लेखक __________ हैं।
(क) दिनकर (ख) आचार्य श्री तुलसी (ग) तुलसीदास

8. जिस समस्त पद का पूर्व पद संख्यावाची विशेषण होता है, उसे __________ समास कहते हैं।
(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व (ग) द्विगु

9. अर्थ पर आश्रित अलंकार __________ कहलाता है।
(क) उभयालंकार (ख) शब्दालंकार (ग) अर्थालंकार

10. 'अध्यक्ष' का अंग्रेज़ी रूप है :
(क) Cash paid (ख) Chairman (ग) President

11. 'CLERK' का हिन्दी रूप __________ है।
(क) प्रबंधक (ख) चालक (ग) लिपिक

12. जहाँ किसी शब्द की अनेक बार आवृत्ति हो, वहाँ __________ अलंकार होता है।
(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) उपमा

13. मेज़ __________ किताब रखी है।
(क) की (ख) में (ग) पर

14. हजारासिंह __________ था।
(क) चौकीदार (ख) थानेदार (ग) सूबेदार

## भाग - II

### अनुभाग - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 3x2=6

Answer **any three** of the following in **two** or **three** sentences.

15. 'पता नहीं' कविता के कवि कौन हैं?

16. 'दिनकर' को भारत सरकार ने किस उपाधि से सम्मानित किया?

17. अंग्रेज़ भारत में किस रूप में आए थे?

18. सूरदास क्यों ईश्वर विरोधी के संग को छोड़ने की बात कहते हैं?

## अनुभाग - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 2x2=4

Answer **any two** of the following in **two** or **three** sentences.

19. गुलाबराय के अनुसार आजकल कौन-सा युग है ?

20. आदिम घुमक्कड़ कौन-कौन थे ?

21. चीनी वाले के मेमसाहब संबोधन से लेखिका क्यों गुस्सा होती हैं ?

## अनुभाग - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7x2=14

Answer **any seven** of the following :

22. समास विग्रह कर नाम लिखिए :
    रसोईघर, पाप-पुण्य

23. शुद्ध कीजिए :
    (क) वह घर को चल रहा है।
    (ख) रोहन ने खाना खायी।

24. पद परिचय दीजिए :
    समझदार लड़के किसी से नहीं लड़ते।

25. 'उपमा' अलंकार किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

26. चौपाई छंद की व्याख्या कीजिए।

27. अंग्रेज़ी रूप लिखिए :
    सचिव, लेखापाल, पुस्तकालय, वित्त मंत्रालय
    Secretary, Accountant, Librarian, Ministry of finance.

28. लहनासिंह ने युद्ध में घायल होकर किसे बचाया ?

29. पोस्टमास्टर ने इस्तीफ़ा क्यों दिया ?

30. पर्यायवाची शब्द लिखिए :
    फूल, शिक्षक

[Turn over

## भाग - III

### अनुभाग - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 2x4=8

Answer **any two** of the following in **five** sentences.

31. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :
"कागहि कहा कपूर चुगाए, स्वान न्हवाये गंग।
खर को कहा अरगजा लेपन, मरकट भूषण अंग।।"

32. भारत भूमि क्यों स्वर्ग तुल्य है ?

33. आजादी के बाद के भारत की कल्पना कवि ने कैसे की हैं ?

34. बचपन में लक्ष्मीबाई किस प्रकार का खेल खेलती थी ?

### अनुभाग - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर **चार से पाँच** वाक्यों में लिखिए : 2x4=8

Answer **any two** of the following in **four** to **five** sentences.

35. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :
'कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है।'

36. पटेल का स्वभाव कैसा था ?

37. घुमक्कड़ धर्म से विमुख होने के दुष्परिणाम क्या-क्या हैं ?

38. सच्चे मित्र का लक्षण बताइए।

### अनुभाग - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3x4=12

Answer **any three** of the following.

39. जोड़े बनाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | पूस की रात | – | रवीन्द्रनाथ ठाकुर 4 |
| (ख) | वह चीनी भाई | – | दिनकर 3 |
| (ग) | हिमालय | – | प्रेमचंद 1 |
| (घ) | पोस्टमास्टर | – | महादेवी वर्मा 2 |

40. हिन्दी में अनुवाद कीजिए :
It is true no doubt that the greatest need of our nation today is discipline. But discipline is of two kinds one that is imposed from without, with the help of fear or greed another which one observes of his own free will for the acomplishment of his cherished goal.

**41.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पुस्तकों में ज्ञान होता है, किन्तु कोरे ज्ञान की तब तक विशेष भूमिका नहीं होती, जब तक उसे जीवन व्यवहार में न लाया जा सके। ज्ञान की सार्थकता उसके उपयोग में ही है। ज्ञान को कैसे व्यवहार में लाया जाए, यह बात पुस्तकों में नहीं लिखी होती। ज्ञान सिद्धांतों के आधार पर चलता है; व्यवहार नीति प्रधान होता है। जीवन, ज्ञान और व्यवहार का संतुलन होता है। व्यवहार की शिक्षा में माता-पिता और गुरु की भूमिका ही महत्वपूर्ण है।

(अ) ज्ञान की सार्थकता किसमें है?

(आ) ज्ञान किसके आधार पर चलता है?

(इ) जीवन किसका संतुलन है?

(ई) व्यवहार की शिक्षा में किसकी भूमिका महत्वपूर्ण है?

(उ) 'पुस्तक' शब्द का लिंग बताइए।

**42.** अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए : **( कोई - 2)**

आग बबूला होना, पैर जमाना, कलई खुल जाना

**43.** निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :

(अ) शिक्षक पाठ पढ़ाते हैं। (लिंग बदलिए)

(आ) मैदान में बच्चा खेल रहा है। (वचन बदलिए)

(इ) मोहन रोटी खाता है। ('मोहन' के स्थान पर 'राधा' का प्रयोग कीजिए)

(ई) गीता खाना बना रही है। (भूतकाल में लिखिए)

## भाग - IV

**नोट : सविस्तार लिखिए।** 3x6=18

**Note : Answer the following in detail.**

**44.** (अ) 'हिमालय' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(आ) वर्षा के कारण आपकी गली में पानी भर गया है, उचित कारण बताते हुए सफ़ाई अधिकारी को पत्र लिखिए।

**45.** (अ) 'वह चीनी भाई' पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

(आ) 'दहेज प्रथा' पर निबंध लिखिए।

**46.** 'पूस की रात' अथवा 'पोस्टमास्टर' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

## भाग - V

**47.** पाठ्यपुस्तक में से कबीरदास जी के कोई तीन दोहे लिखिए। 6

-o O o-